**Regarding construction of a rail overbridge in Bhilwara City in Rajasthan-Laid**

श्री दामोदर अग्रवाल **(**भीलवाड़ा**) :** मेरा संसदीय क्षेत्र भीलवाड़ा वस्त्र/मिनरल व्यापार का एक बहुत बड़ा केंद्र है । गत वर्षों में भीलवाड़ा में रेल लाइन के पार पश्चिमी क्षेत्र में शहर का बहुत बड़ा विस्तार हुआ है जिसकी वजह से शहर की लगभग 40% आबादी इस क्षेत्र में रहती है । इसके अलावा टेक्सटाइल सिटी के ज्यादातर उद्योग भी रेल लाइन के पार पश्चिम भीलवाड़ा में ही स्थित है, जिस कारण श्रमिकों के आवागमन एवं इंडस्ट्रियल गुड्स ट्रांसपोर्टेशन के दौरान भारी असुविधा होती है । वर्तमान में भीलवाड़ा के पूर्वी क्षेत्र से पश्चिमी क्षेत्र में आवागमन के लिए केवल एक दो लेन का 40 वर्ष पुराना रेल ओवर ब्रिज (आर.ओ.बी) है जिसकी वजह से शहर के निवासियों को रोज़ाना सुबह शाम भारी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है । मेरा केंद्र सरकार से आग्रहपूर्वक निवेदन है कि भीलवाड़ा शहर में रेलवे लाइन के ऊपर कम से कम एक रेल ओवर ब्रिज (आर.ओ.बी) बनवाने के कार्य की जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान कर आमजन को राहत देने की कृपा करें ।